रौल नं०..........................................नाम परीक्षार्थी..........................................

XI-1S **वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई०** A

# सामान्य हिन्दी (केवल प्रश्न-पत्र)

**समय – 3.15 घण्टा** **कक्षा – 11** **पूर्णांक – 100**

**खण्ड 'क'**

1. (क) 'वर्णरत्नाकार' के रचनाकार हैं :- 1
   (अ) ज्योतिरीश्वर (ब) मथुरानाथ शुक्ल
   (स) दौलतराम (द) रामप्रसाद निरंजनी।

   (ख) 'अण्डे के छिलके' किस गद्य-विधा की रचना है :- 1
   (अ) नाटक (ब) जीवनी
   (स) निबन्ध (द) यात्रा-विवरण।

   (ग) 'ग्यारह वर्ष का समय' के रचनाकार हैं :- 1
   (अ) मुंशी इंशा अल्ला खॉ (ब) राजेन्द्रबाला घोष
   (स) रामचन्द्र शुक्ल (द) जयशंकर प्रसाद।

   (घ) महावीरप्रसाद द्विवेदी' जी सरस्वती पत्रिका के सम्पादक बने :- 1
   (अ) सन् 1901 ई. (ब) सन् 1902 ई.
   (स) सन् 1903 ई. (द) सन् 1904 ई.।

2. (क) ज्ञानाश्रयी भक्ति शाखा के प्रतिनिधि कवि हैं :- 1
   (अ) तुलसीदास (ब) सूरदास
   (स) बिहारी (द) कबीरदासं।

   (ख) अवहट्ठ भाषा में रचित 'कीर्तिलता' के रचनाकार हैं :- 1
   (अ) अमीर खुसरों (ब) विद्यापति
   (स) गोरखनाथ (द) अब्दुर्रहमान।

   (ग) जयशंकर प्रसाद की रचना हैं :- 1
   (अ) अवारा मसीहा (ब) नास्कितोपाख्यान
   (स) कामायनी (द) पल्लव

   (घ) दूसरा सप्तक के कवि हैं:- 1
   (अ) रामविलास शर्मा (ब) गिरिजाकुमार माथुर
   (स) केदारनाथ सिंह (द) भवानीप्रसाद मिश्र।

3. सही विकल्प चुनकर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-
   (क) भारत में विश्व के कुल वाहनों के कितने प्रतिशत वाहन हैं :- 1
   (अ) 1 प्रतिशत (ब) 2 प्रतिशत
   (स) 3 प्रतिशत (द) 4 प्रतिशत।

   (ख) लाल रंग के गोलाकार संकेत होते हैं :- 1
   (अ) आदेशात्मक (ब) सूचनात्मक
   (स) चेतावनी देनेवाले (द) प्रेरणात्मक।

4. निम्न गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 10

सूर्य और चन्द्रमा, ये दोनों ही आकाश की दो आँखों के समान है। उनमें से सहस्रकिरणात्मक-मूर्तिधारी सूर्य ने ऊपर उठकर जब अशेष लोकों का अन्धकार दूर कर दिया, तब वह खूब ही चमक उठा। उधर बेचारा चन्द्रमा किरणहीन हो जाने से बहुत ही धूमिल हो गया। इस तरह आकाश की एक आँख तो खूब तेजस्क और दूसरी तेजोहीन हो गई। अतएव ऐसा मालूम हुआ,

(पृष्ठ पलटिए)

जैसे एक आँख प्रकाशवती और दूसरी अन्धीवाला आकाश काना हो गया हो।
(अ) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) आकाश की दो आँखें कौन-कौन सी हैं?
(द) आकाश काना कैसे हो गया?
(य) 'अशेष' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

**अथवा**

घुमक्कड़ी से बढ़कर सुख कहा मिल सकता है, आखिर चिन्ताहीनता तो सुख का सबसे स्पष्ट रूप है। घुमक्कड़ी में कष्ट भी होते हैं लेकिन उसे उसी तरह समझिए; जैसे भोजन में मिर्च। मिर्च में यदि कड़वाहट न हो, तो क्या कोई मिर्च-प्रेमी उसमें हाथ भी लगाएगा? वस्तुत: घुकक्कड़ी में कभी-कभी होने वाले कड़वे अनुभव उसके रस को और बढ़ा देते हैं-उसी तरह जैसे काली पृष्ठभूमि में चित्र अधिक खिल उठता है।
(अ) गद्यांश के पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) घुमक्कड़ी में होने वाले कड़वे अनुभव उसके रस को किस प्रकार बढ़ा देते है?
(द) लेखक ने घुमक्कड़ी और चिन्ताहीनता का परस्पर क्या सम्बन्ध बताया है?
(य) लेखक ने संसार का सबसे बड़ा सुख किसे बताया है? घुमक्कड़ी के लिए क्या आवश्यक है?

5. निम्नलिखित किसी एक पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 10

(अ) ऊधौं मोहिं व्रज बिसरत नाहीं।
हंस-सुता की सुंदर कगरी, अरु कुंजनि की छाँही॥
वै सुरभी वै बच्छ दोहिनी, खरिक दुहावन जाहीं।
ग्वाल-बाल मिलि करत कुलाहल, नाचत गहि गहि बाहीं॥
यह मथुरा कंचन की नगरी, मनि-मुक्ताहल जाहीं।
जबहिं सुरति आवति वा सुख की, जिय उमगत तन नाहीं॥
अनगन भाँति करी बहु लीला, जसुदा नंद निबाही।
सूरदास प्रभु रहे मौन ह्वै, यह कहि-कहि पछताहीं॥
(अ) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) मथुरा के वैभव के बारे में श्रीकृष्ण उद्धव से कहते हैं?
(द) मथुरा की तुलना किससे की गई है?
(य) ब्रज की याद करते हुये श्रीकृष्ण उद्धव से किसे न भूल पाने की बात कहते हैं?

(ब) भुज भुजगेस की वै संगिनी भुजंगिनी-सी,
खेदि खेदि खाती दीह दारुन दलन के।
बखतर पाखरन बीच धँसि जाति मीन,
पैरि पार जात परवाह ज्यों जलन के॥
रैयाराव चंपति के छत्रसाल महाराज,
भूपन सकै करि बखान को बलन के।
पच्छी पर छीने ऐसे परे पर छीने बीर,
तेरी बरछी ने बर छीने हैं खलन के॥

(अ) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) छत्रसाल की तलवार उनके साथ किस प्रकार रहती है?
(द) 'तेरी बरछी ने बर छीने हैं खलन के' में कौन-सा अलंकार है?
(य) छत्रसाल की बरछी ने शत्रुओं की शक्ति को किस प्रकार क्षीण कर दिया है।

6. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय एवं गद्य रचनाओं के बारे में लिखिए :- 5
(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) सरदार पूर्णसिंह (स) रामवृक्ष बेनीपुरी।
(ख) निम्न में से किसी एक कवि का जीवन परिचय एवं कृतियों का उल्लेख कीजिए -5
(अ) कबीरदास (ब) तुलसीदास (स) महाकवि भूषण।

7. 'प्रायश्चित' या 'समय' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 5

8. स्वपठित नाटक के किसी प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

## खण्ड – 'ख'

9. निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए:- 7
(क) ऋषेः भरद्वाजस्य आश्रमः अपि अत्रैव अस्ति। यत्र पुरा दशसहस्रमिताः विद्यार्थिनः अधीतिनः आसन्। पितुः आज्ञां पालयन् पुरुषोत्तमः श्रीरामः अयोध्यायाः वनं गच्छन् 'कुत्र मया वस्तव्यम्' इति प्रष्टुम् अत्रैव भरद्वाजस्य समीपम् आगतः। चित्रकूटमेव त्वन्निवासयोग्यम् उचितं स्थानम् इति तेनादिष्टः रामः सीतया लक्ष्मणेन च सह चित्रकूटम् अगच्छत्।

**अथवा**

अस्योपत्यकासु सुदीर्घाः वनराजयो विराजन्ते, यत्र विविधाः ओषधयो वनस्पतयस्तरवश्च तिष्ठन्ति। इमाः ओषधयः जनान् आमयेभ्यो रक्षन्ति, तरवश्च आसन्यादिगृहोपकरणनिर्माणार्थं प्रयुज्यन्ते। हिमालयः वर्षर्तौ दक्षिण- समुद्रेभ्यः समुत्थिता अवरुध्व वर्षणाय ताः प्रवर्तयति।

(ख) दिए गए श्लोकों में से किसी एक का सन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 7
अक्रोधनः सत्यवादी भूतानामविहिंसकः।
अनुसूयुरजिह्मश्च शतं वर्षाणि जीवति॥

**अथवा**

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्।
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय! युद्धाय कृतनिश्चयः॥

10. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- 2
(क) अपने पाँव में कुल्हाड़ी मारना (ख) कुत्ते की मौत मरना
(ग) दाँतों तले उँगली दबाना (घ) बाल की खाल निकालना।

11. निम्नलिखित के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए:- 3
(क) (अ) 'परमार्थः' का सन्धि-विच्छेद है :-
(i) पर + मार्थः (ii) परम + अर्थः
(iii) परमा + अर्थः (iv) परा + मार्थः।
(ब) 'सर्वोदयः' का सन्धि-विच्छेद है :-
(i) सर्वो + दयः (ii) सर्व + उदयः
(iii) सर्व + ओदयः (iv) सर + वोदयः।
(स) 'सुखार्थिनः' का सन्धि-विच्छेद है :-
(i) सुख + अर्थिनः (ii) सुखा + अर्थिनः
(iii) सुख + आर्थिनः (iv) सुखार + थिनः।

(ख) दिए गए शब्दों की विभक्ति और वचन के अनुसार सही विकल्प छाँटकर लिखिए :– 2

(अ) 'आत्मनो:' में विभक्ति और वचन है :–

(i) सप्तमी, द्विवचन (ii) पञ्चमी, एकवचन
(iii) प्रथमा, बहुवचन का (iv) षष्ठी, बहुवचन का।

(ब) सरिता :–

(i) द्वितीय, बहुवचन (ii) चतुर्थी, एकवचन
(iii) षष्ठी, द्विवचन (iv) तृतीया, एकवचन।

12. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए :– 2

(अ) श्रवण–भ्रमण

(i) पाप और पुण्य (ii) सज्जन औन दुर्जन
(iii) कान आर भिक्षु (iv) सावन और परिश्रमी।

(ब) पुरुष–परूष

(i) पूर्व और पश्चिम (ii) मनुष्य और पराया
(iii) मनुष्य और कठोर।

(ख) (अ) 'सूर्य' का एक अर्थ है :–

(i) सात की संख्या (ii) बादल
(iii) सोना (iv) बारह की संख्या।

(ब) 'हलधर' किसे नहीं कहते हैं :–

(i) बैल को (ii) किसान को
(iii) कृष्ण को (iv) बलराम को।

(ग) (अ) वन में लगने वाली आग :–

(i) वनाग (ii) दावानल
(iii) दावाग (iv) आग्नेय।

(ब) किसी मत या नेता का अनुसरण करने वाला :–

(i) अनुयायी (ii) अनुगामी
(iii) अनुसरण (iv) अनुसरणी।

(घ) (अ) 'ठण्डा घड़े का पानी पिलाइए' में अशुद्ध भाग है :–

(i) पानी पिलाइए (ii) घड़े का पानी
(iii) ठण्डा घड़े का (iv) कोई अशुद्धि नहीं।

(ब) 'आपका <u>स्वास्थय</u> कैसा है?' में रेखांकित का शुद्ध रूप होगा :–

(i) स्वस्थ (ii) स्वास्थ्य
(iii) स्वास्थ (iv) इनमें से कोई नहीं।

13. (क) श्रृंगार रस अथवा शान्त रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) अनुप्रास अलंकार और उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा दीजिए। 2

(ग) चौपाई अथवा कुण्डलिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

14. अपने जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अपने क्षेत्र में होने वाली गुण्डागर्दी के सम्बन्ध में एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

किसी विद्यालय के प्रबन्धक के नाम लिपिक पद हेतु अपनी नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए :– 9

(क) अनियन्त्रित भ्रष्टाचार : कारण और निवारण
(ख) धरती की रक्षा : पर्यावरण सुरक्षा
(ग) भारतीय कृषि एवं विज्ञान
(घ) वर्तमान में भारत में कृषकों की समस्या एवं समाधान।